आरटीडीसी में लागू होगी ओल्ड पेंशन स्कीम

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को जयपुर के पर्यटन भवन में आयोजित राजस्थान पर्यटन विकास निगम बोर्ड (आरटीडीसी) की 192वीं बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में अब आरटीडीसी के कार्मिकों को भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ देने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि निगम प्रबंधन प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है तथा आरटीडीसी की होटल इकाइयाँ एवं पैलेस ऑन व्हील्स मुनाफे के साथ संचालित हो रही हैं।
- निजी होटल्स से प्रतिस्पर्धा के लिये 10 आरटीडीसी होटल इकाइयों में जीर्णोद्धार एवं उन्नयन के कार्य प्रगतिरत हैं।
- राजस्थान वेडिंग एंड कॉन्फ्रेंस डेस्टिनेशन के रूप में देश के एक प्रमुख राज्य के रूप में अपनी जगह बना चुका है। एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस एंड एक्जीबिशंस) सेंटर्स की स्थापना से प्रदेश को इस क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।
- बैठक में आरटीडीसी होटल्स के शुल्क में छूट की श्रेणी में राजस्थान रत्न से सम्मानितों को शामिल करने के प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया। साथ ही, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में शिथिलता देने पर चर्चा हुई।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/old-pension-scheme-will-be-implemented-in-rtdc